लोक सभा अध्यक्ष ने जन्माष्टमी की पूर्वसंध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं

नई दिल्ली, 24 अगस्त, 2016: लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन ने जन्माष्टमी की पूर्वसंध्या पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

श्रीमती महाजन ने अपने सन्देश में कहा : "जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर मैं सभी देशवासियों को बधाई देती हूँ । भगवान कृष्ण के, "फल की इच्छा किए बिना निष्काम भाव से कर्म " के संदेश से हमें अपने दैनिक जीवन में निरंतर ज्ञान और मार्गदर्शन मिलता है। मुझे आशा है कि यह जन्माष्टमी हम सब को प्रेम और खुशियों से सराबोर कर देगी । आइए, हम सभी अपने विचारों और कार्यों में सौहार्द और भाईचारे जैसे मूल्यों का पालन करने की प्रतिज्ञा करें ताकि हम एक सामंजस्यपूर्ण, कल्याणकारी और सहिष्णु समाज का निर्माण करने में सार्थक योगदान दे सकें । "